# जय भोलेनाथ : शिवालयों में लगेंगे जयकारे

**खास बातें**

- हल्दी, मेंहदी की रस्मों के साथ महाशिवरात्रि उत्सव की शुरुआत
- महिलाओं को किया सुहाग सामग्री का वितरण

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 14 फरवरी, महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर शनिवार को मंदिरों में माता पार्वती एवं भगवान शिव की हल्दी, मेंहदी की रस्में की गई. महिलाओं ने भजन, कीर्तन किये. महिलाओं को सुहाग सामग्री का वितरण किया गया. महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को शहर में भव्य शिव बारात निकलेगी.**

महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर हनुमान घाट उत्सव समिति पंचकुईयां द्वारा हनुमान मंदिर पंचकुईयां में शनिवार को बाबा महादेव एवं माता पार्वती की हल्दी, मेंहदी की रस्में की गई. इस दौरान महिलाओं ने भजन, कीर्तन किये. इस दौरान महिलाओं को सुहाग सामग्री का वितरण भी किया गया. वही रविवार को सोमनाथ सेवा समिति द्वारा शहर में भव्य शिव बारात निकाली जावेगी. जो शिव मंदिर हाजीपुर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सोमनाथ मंदिर कठाली बाजार पर पहुंचेगी. शिव बारात में शिवजी के स्वरूप के साथ ही शिव गण शामिल होंगे. शहर में जगह-जगह शिव बारात का स्वागत किया जावेगा. क्षेत्र के शिव मंदिरों में रविवार को महाशिवरात्रि पर आस्था का सैलाब दिखाई देगा. भक्तों द्वारा शिवालयों में भगवान महादेव की पूजन, अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जावेगा. क्षेत्र के बाबा विश्वनाथ मंदिर देवपुर सहित नगर के सोमनाथ मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, पंचकुईयां मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर, जटाशंकर महादेव मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देगी.



### पंचकुइयां हनुमान घाट का शिव मंदिर

केथन नदी के पंचकुईयां क्षेत्र में हनुमान घाट के किनारे भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है. क्षेत्र में कई लोग इन्हें नर्मदेश्वर महादेव के नाम से पुकारते हैं. शिवालय में शिवलिंग के समीप जगतजननी माताजी भी विराजित है. साथ ही शिवालय में भगवान श्रीगणेश एवं भगवान शिव पार्वती की मूर्तियां भी है. मंदिर के बाहर दालान में नंदी जी भी विराजित है. मंदिर परिसर में वीर हनुमान जी का काफी प्राचीन मंदिर है. वही वीर हनुमान जी के सामने ही भगवान श्रीरामजानकी जी एवं लक्ष्मणजी का मंदिर हैं. मंदिर परिसर में ही शनिदेव जी एवं भैरव जी महाराज भी विराजमान है. साथ ही भगवान वराह अवतार की भी मूर्ति है. मंदिर में शिवालय के समीप ही एक चबूतरे पर भगवान महादेव के द्वादश शिवलिंग विराजित है. शिवालय के सामने ही केथन नदी का पंचकुईयां क्षेत्र का हनुमान घाट है.



### प्राचीन, ऐतिहासिक नीलकंठ मंदिर

सिरोंज का नीलकंठ मंदिर काफी प्राचीन एवं ऐतिहासिक है. इस मंदिर में मुख्य सड़क से ऊंचाई पर एक पहाड़ी क्षेत्र में बने शिवालय में भगवान महादेव का शिवलिंग स्थापित है. वही शिवालय के बाहर दालान में नंदी जी विराजित हैं. नीलकंठ मंदिर परिसर में मुख्य सड़क से शिवालय तक करीब 80 सीढ़ियां बनी हुई है. इन सीढ़ियों का आकार अलग-अलग है. मंदिर में भक्त इन सीढ़ियों के माध्यम से शिवालय में पहुंचतें हैं. इस मंदिर की प्राचीनता का निर्णय करना काफी मुश्किल है. क्षेत्र में मान्यता है कि इस प्राचीन एवं ऐतिहासिक नीलकंठ मंदिर का निर्माण देवी अहिल्या बाई द्वारा कराया गया. हालांकि इसके कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है. मंदिर परिसर में सीढ़ियों के एक ओर एक प्राचीन दालान भी बनी हुई है. ऐसा प्रतीत होता है कि इसका उपयोग प्राचीन समय में साधु, महात्मा आदि करते रहे होंगे. इस मंदिर क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य एवं हरियाली लोगों को काफी आकर्षित करती है. नीलकंठ मंदिर परिसर क्षेत्र में कई किस्म के पेड़ पौधे लगे हुए हैं. बताते हैं कि मंदिर परिसर में एक प्राचीन कुंड भी है. जिसे लोग केसर कुंड के नाम से जानते हैं.

### लोगों की श्रद्धा का केंद्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर

सिरोंज-आरोन मार्ग पर पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में भगवान विश्वनाथ जी का प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर वर्षो से लोगों की आस्था का केंद्र है. यह प्राचीन मंदिर अपने आप में अद्भुत एवं महत्वपूर्ण इतिहास छिपाऐ बैठा है. ग्राम देवपुर स्थित इस मंदिर की प्राचीनता का निर्णय करना काफी मुश्किल है. इस प्राचीन मंदिर में भगवान महादेव शिवलिंग के रूप में गुफा में विराजमान है. उनके साथ ही गणपति जी, नंदी जी आदि भी विराजमान हैं. देवपुर में बाबा विश्वनाथ जी मंदिर के आगे की ओर कुंड बने हुए है. जिनका जल काफी पवित्र माना जाता है. जिसमें एक बड़ा कुंड हैं. वही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अन्य कुंड भी है. लोग बताते है कि बड़े कुंड में जल कभी लोप नहीं होता है. बड़े कुंड को विशन कुंड के नाम से भी लोग जानते हैं. जो संभवता विश्वनाथ शब्द का अपभ्रंश प्रतीत होता है. पवित्र त्यौहारों, मेले, धार्मिक पर्वों पर लोग इस पवित्र कुंड के जल से स्नान कर अपने आपको धन्य मानते है. मंदिर के पास ही गुफाऐं बनी हुई है. जिससे प्रतीत होता है कि यह स्थान काफी प्राचीन और पूर्व में साधु, सन्यासियों की तपोस्थली रहा होगा. इस मंदिर के पास ही भगवान श्रीरामजानकी जी, भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण जी, भगवान श्रीराधाकृष्ण जी आदि के मंदिर भी बनाए गए है. प्रतिबर्ष यहां लाखों श्रद्धालु पहुंचकर भगवान विश्वनाथ जी की आराधना करते है. क्षेत्र में मान्यता है कि चारों धामों की यात्रा करने के उपरांत जब तक भगवान विश्वनाथ जी को जल अर्पित नहीं किया जाता है, तब तक यात्रा पूर्ण नहीं मानी जाती है. क्षेत्र के लोग देवपुर के भगवान भोलेनाथ को भगवान विश्वनाथ जी के नाम से पुकारते है. तथा उन्हे तीर्थ का गुरू मानते है. वहीं कई प्राचीन पुस्तकों में इसका उल्लेख मिलता है. बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में प्रतिवर्ष मकर संक्रांति, कार्तिक पूर्णिमा पर मेले का आयोजन होता है. यह मेला क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है. वही श्रावण सोमवार, महाशिवरात्रि सहित विभिन्न त्यौहार पर यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है.

### कार्तिक घाट मंदिर में होते हैं द्वादश शिवलिंग के दर्शन

प्राचीन केथन नदी के घाट के किनारे मत्थापुर क्षेत्र में प्राचीन कार्तिक घाट मंदिर में भगवान महादेव के द्वादश शिवलिंग विराजमान है. क्षेत्र में श्रद्धालु भगवान महादेव के द्वादश ज्योतिर्लिंग के प्रतिनिधि के रूप में इन द्वादश शिवलिंग की पूजा, अर्चना करते हैं. मंदिर के पास ही केथन नदी का प्राचीन कार्तिक घाट भी स्थित है. मंदिर प्रांगण में ही हनुमान जी का मंदिर है. कार्तिक घाट मंदिर में भगवान महादेव के द्वादश शिवलिंग विराजमान है. जिनमें मंदिर में एक कक्ष में तीन शिवलिंग स्थापित हैं. वही कक्ष के बाहर दालान में एक शिवलिंग स्थापित हैं. तथा मंदिर प्रांगण में आठ शिवलिंग स्थापित हैं. इनमें से प्रत्येक शिवलिंग अलग-अलग ऊंचाई के है. मंदिर में स्थापित चार शिवलिंग की ऊंचाई करीब दो से ढाई फीट तक है.

# लीकेज पाइप लाइन से आ रहे गंदे पानी से लोग परेशान



**बासौदा के 24 वार्डों की हालत खराब**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 14 फरवरी, थाने के सामने मुख्य मार्ग पर 4 महीने से जलप्रदाय पाइपलाइन क्षतिग्रस्त थी. कई बार शिकायत के बाद भी लाइन दुरुस्त नहीं की गई.इंदौर की घटना के बाद नगर पालिका जल विभाग पर असर पड़ा और जेसीबी मशीन से खुदाई कर लाइन को दुरुस्त किया गया.**

मटमैले पानी को लोग 4 महीने तक पीते रहे.कमाल की बात यह है की कोई बीमार नहीं हुआ. गजब की पाचन शक्ति है गंजबासौदा बस्ती के लोगों की. लीकेज सुधारने के बाद दूषित जल का खतरा अब टल गया है.नगर में और भी कई स्थान ऐसे हैं जहां लीकेज ठीक नहीं किए गए.वहां के लोग आज भी मटमैला पानी पी रहे हैं.नेहरू चौक एलिया भवन के पीछे से भी इस तरह की शिकायतें मिल रही है और भी अनेक बस्तियां हैं जहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है और उसमें नालियों का गंदा पानी समाहित हो रहा है.नगर पालिका जल विभाग को चाहिए कि वह सभी 24 वार्डों में मौके पर पहुंच कर देखे कहां नल कनेक्शन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है और कहां नाली के अंदर से लाइन निकली है और जर्जर हालत में है उसे बदलने और लीकेज ठीक करने अभियान चलाने की जरूरत है बरेठ रोड पर भी पाइपलाइन लीकेज होती रहती है जलावर्धन योजना के तहत जो जलप्रदाय पाइपलाइन डाली गई थी. उसमें नियम शर्तों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई थी नीचे बेस नहीं डाला गया था. खुदाई करते गए और पाइपलाइन डालते गए ऊपर नीचे क्या स्थिति है यह नहीं देखा गया. लगभग 50 करोड़ की लागत से यह लाइन पूरे नगर में डाली गई थी जहां पाइपलाइन नहीं थी अभी भी लाइन डाली जा रही है.

### दरोगा नहीं देते ध्यान

गलियों में ठसाठस गंदगी भारी पड़ी है.इसी गंदगी के नीचे से जलप्रदाय पाइपलाइन कनेक्शन जुड़े हुए हैं.लीकेज यहां होने के बाद भी दिखाई नहीं देगा गंदगी के नीचे से पानी बहता रहेगा पाइपलाइन के माध्यम से लोगों के घरों तक पानी पहुंचता रहेगा कभी इस और ध्यान दिया जल समिति के लोगों ने नाम दरोगा कुछ नहीं देखा जैसी स्थिति बनी हुई है जो जिम्मेदार हैं वह गली मोहल्ले में जाकर देखें कहां क्या स्थिति है. प्रेसिडेंट इन काउंसिल समितियां के जो अध्यक्ष बनाए गए हैं.

**एक नजर में**

### महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान भोलेनाथ के शिवालयों में रंग रोगन पुताई की जा रही है.विद्युत सजावट के साथ धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाई जा रही है.ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो उदयपुर तथा गमाकर में बहुत अधिक श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ रहती है वहां पुलिस व्यवस्था भी की जा रही है.दुकानदार भी पहुंचने लगे हैं शिवरात्रि पर मेला भी लगता है जहां ग्रामीण खूब खरीदारी करते हैं झूला वाले भी पहुंच गए हैं.खेल खिलौने की दुकान भी लग गई है महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में अच्छा खासा उत्साह है देखने में आ रहा है.

### मेमू के कम कोच से परेशान हो रहे यात्री

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** बीना भोपाल मेमू ट्रेन के कोच कम करने से यात्रियों की हो रही फजीयत. यात्री भेड़ बकरियों की तरह ट्रेन के कोच में भर जाते हैं.उनकी हालत देखते ही बनती है.उतरते समय ट्रेन में सामान रह जाता है.कुछ लोगों का समान बदमाश गायब कर देते हैं.

# ग्राम पंचायत ऐंचदा में भुगतान को लेकर शिकायत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 14 फरवरी, ग्राम पंचायत ऐंचदा में निर्माण कार्यों के भुगतान को लेकर शिकायतें लगातार सामने आ रही है.किस खाते से भुगतान हुआ और किस खाते में ग्राम पंचायत का पैसा ट्रांसफर किया गया.कौन से विकास कार्य हुए और उनका किसे भुगतान किया.**

सचिव पर गोलमाल करने का आरोप लगाया गया है जो शिकायत सामने आई है 10 लाख से अधिक की भुगतान संबंधी आखिर उसकी जांच क्यों नहीं होती. जांच होने पर सारी स्थिति सामने आ जाएगी और जो लोग आरोप लगा रहे हैं उनका मुंह बंद हो जाएगा और सही है तो भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए. यह सब जांच के बाद ही संभव है.कौन गलत और कौन सही जनपद पंचायत के अधिकारी ग्राम पंचायत में पहुंचकर तहकीकात करें ग्रामीणों से पूछताछ करें.

खातों की जांच करें कितना पैसा निकाला और कितना खर्च किया उसके बिल देखें जावें सही है या गलत क्या वजह है की अधिकारी जांच पड़ताल नहीं कर रहे हैं हो सकता है. अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त हो, राजनीतिक दबाव भी हो सकता है कुछ तथा कथित प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग भी इस पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर लगातार मुद्दा उठा रहे हैं जनहित से जुड़ा मुद्दा है जांच होना चाहिए ताकि सच सामने आ सके.

# गौरव हत्याकांड के आरोपियों को भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, गौरव हत्याकांड को लेकर नगर में बहुत बवाल हुआ था.जय स्तंभ चौक पर धरना प्रदर्शन चक्का जाम किया गया था.आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस ने तत्परता से अपना काम दिखाए और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.जिसमें रघु राजपूत, रमन दांगी, राशिद खान को गिरफ्तार किया इनमें एक नाबालिक भी है.**

सिटी थाना अधिकारी संजय वेदिया द्वारा यह जानकारी दी गई.अभी इसका खुलासा नहीं किया. हत्या के पीछे क्या वजह रही क्या यह आपस में मित्र थे या पुरानी रंजिश चल रही थी यह सब सामने आना चाहिए.इस हत्याकांड को लेकर लोगों ने जमकर आक्रोश था और आरोपियों भी गिरफ्तारी का पुलिस पर दबाव बना हुआ था.

# बाल विवाह रोकथाम की दी जानकारी




नवभारत न्यूज

**सिरोंज, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में सिरोंज परियोजना में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण में बाल विवाह रोकथाम के संबंध में सेवाप्रताओं और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई. महिला बाल विकास विभाग विदिशा से बाल विवाह रोकथाम प्रभारी मुकेश ताम्रकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण में की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी गई.**

बाल विवाह रोकथाम में सेवाप्रताओं की अहम भूमिका के बारे में बताया गया. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई. बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं पुलिस हेल्पलाइन 112 पर तत्काल देकर बाल विवाह को होने से पूर्व रोका जा सकता है. सेवाप्रताओं से अपील की गई कि वह किसी भी नाबालिग बच्चें के विवाह में शामिल न हो. किसी भी प्रकार की सेवाएं न दें. बालक, बालिका की आयु संबंधी जानकारी परिजनों से एवं आसपास के लोगों से मालूम कर लें. सेवाप्रताओं और आंगनबाडी कार्यकर्त्ताओं को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में पर्यवेक्षक इमाबेला किस्पोट्टा, निर्मला इक्का, नसरीन खान, भावना बावलिया, बद्री प्रसाद आदि उपस्थित रहे.

# महाशिवरात्रि पर उदयपुर नीलकंठेश्वर मंदिर में विशेष ट्रैफिक प्लान इस तरह




**उदयपुर नीलकंठेश्वर मंदिर में डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था लागू**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, जिले के उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर में आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु पहुंचने की संभावना है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है. यह व्यवस्था प्रातः 05 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रभावी रहेगी.**

### पार्किंग व्यवस्था

गंजबासौदा की ओर से आने वाले चार पहिया वाहन कार, ट्रैक्टर, लोडिंग वाहन आदि की पार्किंग कियोटन नदी क्षेत्र में की गई है. वहीं दो पहिया वाहनों की पार्किंग वाइन शॉप के पीछे स्थित ग्राउंड, वेयरहाउस एवं वत्सल स्कूल परिसर में रहेगी. पठारी मार्ग से आने वाले चार एवं दो पहिया वाहनों को संदीप ठाकुर जी के खाली खेत में पार्क किया जाएगा. घटेरा की ओर से आने वाले वाहन महामाई मंदिर के सामने खाली मैदान में खड़े किए जाएंगे. मुरादपुर रोड से आने वाले सभी दो एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग शासकीय चिकित्सालय उदयपुर परिसर में रहेगी. वीआईपी वाहनों के लिए चौकी के पास माथुर जी की खाली पड़ी जगह निर्धारित की गई है.

### डायवर्सन व्यवस्था

पठारी से उदयपुर होकर गंजबासौदा जाने वाले वाहन अब घटेरा होकर गंतव्य तक पहुंचेंगे. घटेरा से उदयपुर मार्ग पर आने वाले वाहन सीधे गंजबासौदा जा सकेंगे. बासौदा से उदयपुर होकर घटेरा एवं पठारी जाने वाले वाहन बारेठ और कलार मार्ग से आवागमन करेंगे. वहीं ग्राम हथोड़ा, पठारी एवं घटेरा से उदयपुर की ओर आने वाले हैवी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और डायवर्सन योजना का पालन कर यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें.

# अपने नव जीवन के बड़े अध्याय का शुभारंभ पूरे आत्मविश्वास से करें-कादरी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, सेमरी के भारत रत्न डा एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष मे वार्षिक पुरूस्कार वितरण व कक्षा आठवी का विदाई समारोह आयोजित हुआ. इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बच्चो को मार्गदर्शन देते हुए कहा आज का दिन स्कूल के लिए मिला-जुला भाव लेकर आया है.**

एक तरफ हमें इस बात की खुशी है कि आप अपने जीवन के एक नए और बड़े अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आपको विदा करते हुए मन थोड़ा उदास भी है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनशिक्षक वीरेंद्र सिंह दिवाकर ने कहा अपने जीवन मे आप सदैव याद रखना निरंतर प्रयास और मेहनत करना क्योकि जीवन में सफलता का कोई छोटा रास्ता नहीं होता. जिस अनुशासन और मेहनत का परिचय आपने यहाँ दिया है, उसे आगे भी बनाए रखना. खुद पर विश्वास रखें और हमेशा साहस के साथ आगे बढ़ें.साक्षरता समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा चरित्र और संस्कार हमारी पहचान है ,शिक्षा का असली उद्देश्य केवल डिग्रियाँ पाना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना है. जहाँ भी जाएँ, अपने संस्कारों और इस संस्था के मूल्यों को याद रखें.पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह लोधी ने कहा विदाई का मतलब अंत नहीं है, बल्कि यह एक भव्य नए अध्याय की शुरुआत है.स्कूल की ये यादें आपके जीवन की पूँजी हैं.आपने न केवल हमसे सीखा, बल्कि हमें भी अपनी ऊर्जा और जिज्ञासा से बहुत कुछ सिखाया है. पूर्व अध्यक्ष फेरन सिंह लोधी, लालू सिंह विश्वकर्मा ने कहा मैं पूरे विद्यालय परिवार व ग्राम की ओर से आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**भ्रमण** | **नगरीय प्रशासन आयुक्त ने पैदल निरीक्षण प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश**

# ऐतिहासिक नगरी सांची के विकास को मिलेगी रफ्तार

नवभारत न्यूज

**सांचीं, विश्वविख्यात ऐतिहासिक नगरी सांची में विकास कार्यों को नई गति देने की दिशा में सोमवार को महत्वपूर्ण्डी पहल हुई.नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत एस. भोंडवे ने नगर का पैदल भ्रमण कर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर भेजने के निर्देश दिए.**



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया. विशेष रूप से नाला निर्माण सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए.उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने स्थल की गरिमा के अनुरूप सुंदर एवं व्यवस्थित बस स्टैंड परिसर में मार्केट निर्माण के लिए लगभग तीन करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार करने को कहा. वहीं नाला निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये, रेशम केंद्र स्थल के समग्र विकास हेतु लगभग तीस करोड़ रुपये तथा कचरा प्लांट तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए दो करोड़ रुपये तक के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए.आयुक्त ने कहा कि सभी प्रस्ताव समयबद्ध तरीके से भेजे जाएं, ताकि स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र राशि आवंटित की जा सके। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, सीएमओ रामलाल कुशवाहा सहित पार्षदगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.यदि प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति मिलती है तो ऐतिहासिक सांची का स्वरूप न केवल बदलेगा, बल्कि नगरवासियों को भी बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी.

# करैयाखेड़ा में आयोजित हुआ नशामुक्ति केन्द्र



नवभारत न्यूज

**विदिशा, वार्ड 34 में डॉ भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन में नशा मुक्ति का कार्यक्रम युवा मंच के तत्वाधान मैं रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सदस्य भारत सरकार एवं एसपी रोहित काशवानी उपस्थित रहे.**

ड्रग कंट्रोल अधिकारी से प्रियंक कानूनगो पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा विक्रेताओं एवं जो दवाये बैन है उन पर सख्ती से कारवाई करने के लिए कहा. संचालन युवा मंच के संयोजक प्रशांत रघुवंशी ने किया आभार वार्ड 34 के निर्दलीय पार्षद प्रतिनिधि राजेश लोधी ने किया कार्यक्रम में सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन महेश्वरी, रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी आकाश यादव ,करतार, धर्मेंद्र ,अखिलेश ,विशाल चौरसिया, बलराम ,शैलेन्द्र राजपूत, प्रियंक रघुवंशी ,चंदन सिंह बड़ी आदि उपस्थित रहे.